>

Title: Need to include cold-wave and frost under Natural Calamity category to enable relief to the farmers of the country.

**श्री हरीश चौधरी (बाड़मेर):** सभापति महोदय, आपदा राहत कोष के अंदर पाला और शीत लहर से किसानों को जो नुकसान होता है, वह शामिल नहीं है। हम लोगों के यहां राजस्थान में विशेषकर मेरे संसदीय क्षेत्र बाड़मेर व जैसलमेर के अंदर सर्दियों के अंदर पाला और शीतलहर से बहुत बड़ा नुकसान फसलों को होता है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि सीआरएफ के अंदर पाला और शीतलहर को सम्मलित करें। अरंडी की फसल की बुवाई खरीफ के समय होती है और रबी के समय उसकी कटाई होती है लेकिन जब उसकी गिरदावरी भरी जाती है तो गिरदावरी केवल खरीफ के वक्त की ही भरी जाती है। इसलिए किसानों को जो नुकसान होता है चाहे कृषि बीमा के माध्यम से या और किसी भी सरकारी सहायता के माध्यम से वह अरंडी की फसल को नहीं मिलता है। आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि दोनों फसलों के लिए कोई न कोई प्रावधान करें जिससे किसानों को फायदा मिल सके।

**सभापति महोदय:**

श्री इज्यराज सिंह,

श्री अर्जुन राम मेघवाल,

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल व

श्री देवजी एम पटेल को श्री हरीश चौधरी जी के विषय के साथ सम्बद्ध किया जाता है।